# जन सुनवाई का कार्यवाही विवरण

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित लाईम स्टोन खनन परियोजना, **मैसर्स गैलेक्सी माइनिंग एंड रॉयल्टीज़ प्राईवेट लिमिटेड, ब्लॉक नं. TKB-11, प्रस्तावित क्षेत्र–112.8886 हेक्टेयर,** प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ– 598500 टीपीए, (आर.ओ.एम.) **जोरावरपूरा** एंव हरिपूरा, तहसील– **खिंवसर, जिला– नागौर** (राज.) मे स्थित है, में **लाईम स्टोन खनन** की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलक्टर, नागौर के प्रतिनिधि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर की अध्यक्षता में एवं श्री राजकुमार मीणा क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर की उपस्थिति में **राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, जोरावरपुरा, तहसील– खिंवसर, जिला नागौर** में दिनांक **03/06/2026 को सायं 04:00 बजे** आयोजित की गई।

जन सुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट** "अ" पर सलग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति समाचार पत्र **"दैनिक भास्कर "** में दिनांक 26/04/2026 एवं **"द इंडियन एक्सप्रेस"** में दिनांक 25/04/2026 को प्रकाशित करवाई गई थी, जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर सलग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर ने सभी आगुन्तकों का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, नागौर द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें जिला कलक्टर नागौर की तरफ से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, नागौर को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई विड़ियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) को प्रेषित कर दिये जायेंगे। इसके पश्चात अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, महोदय की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स गैलेक्सी माइनिंग एंड रॉयल्टीज प्राईवेट लिमिटेड** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स पी एंड एम सॉल्यूशन** को आमंत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स पी एंड एम सॉल्यूशन** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना **निकट गांव– जोरावरपूरा एंव हरिपूरा, तहसील– खिंवसर, जिला– नागौर**



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

(राज.) में खनिज– लाईम स्टोन खनन हेतु प्रस्तावित है, जिसका ब्लॉक नं. **TKB-11**, प्रस्तावित क्षेत्र–112.8886 हेक्टेयर, प्रस्तावित उत्पादन क्षमता के साथ– 598500 टीपीए, (आर.ओ.एम.) जोरावरपूरा एंव हरिपूरा, तहसील– खिंवसर, जिला– नागौर (राज.) में स्थित है, में लाईम स्टोन खनन परियोजना होगी। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारें में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया।

**सर्वप्रथम श्रीमान** अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए कहा कि ग्राम जोरावरपुरा एवं हरिपुरा के आसपास स्थित लगभग 112 हेक्टेयर क्षेत्रफल की लाइमस्टोन खनन परियोजना के संबंध में यह जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त खनन पट्टा सरकार द्वारा आवंटित किया गया है तथा परियोजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक भूमि का क्रय–विक्रय संबंधित परियोजना प्रस्तावक एवं भूमि स्वामियों के मध्य आपसी सहमति से निर्धारित शर्तों एवं दरों के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि परियोजना को संचालित किए जाने से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किया जाना आवश्यक है। पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किए जाने की प्रक्रिया के अंतर्गत परियोजना के संभावित पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों का मूल्यांकन किया जाता है तथा जनसुनवाई उसी प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण भाग है। इस जनसुनवाई का उद्देश्य परियोजना से प्रभावित अथवा लाभान्वित होने वाले क्षेत्र के निवासियों के विचार, सुझाव, आक्षेप एवं आपत्तियां प्राप्त करना है। श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने उपस्थित जनसमूह से अनुरोध किया कि वे परियोजना के संबंध में अपने विचार, सुझाव, शिकायतें अथवा आपत्तियां निःसंकोच प्रस्तुत करें। उन्होंने अवगत कराया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी सुझाव एवं आपत्तियां विधिवत अभिलेखित की जाएंगी तथा कार्यवाही विवरण का हिस्सा बनेंगी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में निर्णय लेते समय जनसुनवाई के दौरान प्राप्त अभिमतों एवं सुझावों पर भी विचार किया जाएगा।

**श्री अण्दाराम, पूर्व सरपंच** निवासी ग्राम **जोरावरपुरा** ने कहा कि क्षेत्र में पूर्व में स्वीकृत 8 छोटे–छोटे खनन ब्लॉकों में से हरिपुरा क्षेत्र के दो ब्लॉकों को नाम मात्र की अनापत्ति (NOC) के आधार पर स्वीकृत कर दिया गया तथा उनके रवन्ना जारी कर दिए गए, जबकि प्रभावित किसानों से इस संबंध में कोई चर्चा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि किसानों से बिना पूछे इस प्रकार की स्वीकृतियां प्रदान किया जाना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

किसानों एवं प्रशासन के मध्य विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने पूछा कि जिन खनन पट्टों का उल्लेख किया जा रहा है, वे सरकारी भूमि पर स्थित हैं अथवा निजी भूमि पर। इस पर श्री अण्दाराम ने कहा कि संबंधित क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिशत भूमि किसानों की निजी भूमि है तथा उनके अनुसार संबंधित किसानों की सहमति प्राप्त नहीं की गई है।

इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने कहा कि वर्तमान जनसुनवाई लगभग 112 हेक्टेयर क्षेत्रफल की प्रस्तावित खनन परियोजना के संबंध में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि परियोजना को अंतिम स्वीकृतियां प्राप्त होने के उपरांत ही खनन पट्टा प्रभावी होगा तथा निजी भूमि पर खनन कार्य तभी संभव होगा जब संबंधित भूमि का क्रय अथवा अन्य वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

इस पर श्री अण्दाराम ने कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व उनकी परियोजना प्रस्तावक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें उन्हें बताया गया था कि भूमि प्राप्त की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में वे न्यायालय गए थे तथा न्यायालय द्वारा जनसामान्य से वार्ता किए जाने के संबंध में आदेश पारित किया गया था, किन्तु आज तक उनसे कोई वार्ता नहीं की गई है। इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने उनके सुझाव एवं आपत्तियों को अभिलेखित किए जाने हेतु निर्देशित किया तथा कहा कि उनकी बात कार्यवाही विवरण में दर्ज की जा रही है। तत्पश्चात उन्होंने अन्य उपस्थित व्यक्तियों को भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया।

श्री रामपाल निवासी ग्राम डेहरू ने कहा कि यदि परियोजना के लिए अनापत्ति अथवा अन्य अनुमतियां तभी प्रदान की जानी हैं जब सभी प्रभावित किसान संतुष्ट हों तथा उनकी भूमि आपसी सहमति से प्राप्त की जाए, तो क्या यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सभी किसान संतुष्ट होंगे।

इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने कहा कि पर्यावरणीय स्वीकृति की एक पृथक वैधानिक प्रक्रिया है तथा यह जनसुनवाई उसी प्रक्रिया का एक भाग है। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान अपनी भूमि परियोजना प्रस्तावक को उपलब्ध कराता है तथा भूमि परियोजना प्रस्तावक के अधिकार में आती है, तभी उस भूमि पर खनन गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं।

श्री रामपाल ने कहा कि भूमि संबंधी विषय एवं पर्यावरणीय स्वीकृति दो पृथक विषय हैं। उन्होंने कहा कि वे वर्तमान में भूमि के मूल्य अथवा भूमि विक्रय की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया पर अपनी आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों को पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं है तथा परियोजना से संबंधित जानकारी पूर्व में उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण परियोजना के संबंध में कम से कम 5 से 10 दिन पूर्व गांव के लोगों को विस्तार से जानकारी दी जानी चाहिए थी तथा विभाग अथवा परियोजना की ओर से किसी प्रतिनिधि को गांव में भेजकर लोगों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जाना चाहिए था। परियोजना से संबंधित दस्तावेजों में यह



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

दर्शाया गया है कि क्षेत्र में सीमित वनस्पति एवं पर्यावरणीय संवेदनशीलता है, जबकि उनके अनुसार क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में वृक्ष, झाड़ियां एवं अन्य वनस्पतियां विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना क्षेत्र से लगभग आधा किलोमीटर दूरी पर एक बड़ा जलाशय स्थित है, जिससे केवल एक गांव ही नहीं बल्कि लगभग 10 गांवों के लोग पेयजल प्राप्त करते हैं तथा पशु–पक्षी एवं अन्य जीव–जंतु भी उस पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि यदि परियोजना संबंधी दस्तावेजों में ऐसे तथ्यों का समुचित उल्लेख नहीं किया गया है, तो यह गंभीर विषय है। यदि परियोजना से संबंधित दिशा–निर्देश, ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं अन्य अभिलेख पूर्व में उपलब्ध करवाए जाते तो ग्रामीण उनका अध्ययन कर अपनी राय बना सकते थे। उन्होंने पूछा कि उक्त दस्तावेज किसे उपलब्ध करवाए गए थे तथा ग्रामवासियों को उनकी प्रतियां कब उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की जानकारी ग्रामीणों को समय पर उपलब्ध नहीं करवाई गई।

**इस पर उपस्थित ग्रामीणों** द्वारा कहा गया कि संबंधित दस्तावेज उन्हें पूर्व में उपलब्ध नहीं करवाए गए थे तथा कुछ दस्तावेज मांग करने पर आज ही प्राप्त हुए हैं। श्री रामपाल ने कहा कि कोई न कोई निर्धारित प्रक्रिया अवश्य होगी तथा ऐसा नहीं होना चाहिए कि महत्वपूर्ण दस्तावेज जनसुनवाई से ठीक पूर्व अथवा अल्प समय पहले उपलब्ध करवाए जाएं।

तत्पश्चात् **श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने क्षेत्रीय अधिकारी से उक्त विषय पर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा। इस दौरान श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया गया कि जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों के हस्ताक्षर उपस्थिति पत्रक पर लिए जाते हैं तथा इच्छुक व्यक्ति उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। इस पर कुछ ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि वे उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने कहा कि उपस्थित व्यक्तियों को प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा यह भी कहा गया कि जनसुनवाई में कुछ ऐसे व्यक्ति उपस्थित हैं जो स्थानीय निवासी नहीं हैं तथा उनकी उपस्थिति को लेकर आपत्ति व्यक्त की गई।

तत्पश्चात् **श्री अण्दाराम** ने कहा कि उनका परियोजना के प्रति विरोध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में खेजड़ी के वृक्ष विद्यमान हैं तथा स्थानीय लोगों की आजीविका कैर एवं सांगरी जैसे उत्पादों पर भी निर्भर है, जो खेजड़ी वृक्षों से प्राप्त होते हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि परियोजना के कारण इन वृक्षों को क्षति पहुंच सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी** द्वारा अवगत कराया गया कि जनसुनवाई की तिथि निर्धारित होने के उपरान्त परियोजना की ई.आई.ए. रिपोर्ट नियमानुसार लगभग एक माह पूर्व संबंधित ग्राम पंचायत को उपलब्ध करवा दी गई थी तथा उसकी प्रति वहां अध्ययन हेतु उपलब्ध थी। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई की सूचना के संबंध में लगभग 3 दिन पूर्व ग्राम में विधिवत मुनादी भी करवाई गई थी, जिसकी रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं अन्य संबंधित अभिलेख ग्राम पंचायत को विधिवत प्रेषित किए गए थे तथा उनकी प्राप्ति की पुष्टि (Indian Post Receipt) भी उपलब्ध है।

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

**श्री रामपाल निवासी ग्राम डेहरू** ने कहा कि केवल ग्राम पंचायत अथवा सरपंच ही इस परियोजना से प्रभावित नहीं होंगे, बल्कि हजारों किसान, पशु–पक्षी, पेड़–पौधे तथा क्षेत्र के अन्य निवासी भी इससे प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि यदि परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट ग्राम पंचायत को उपलब्ध करवाई गई थी और वह वहीं तक सीमित रह गई, तो आम ग्रामीणों को इसकी जानकारी कैसे प्राप्त होती। उन्होंने कहा कि कम से कम चार–पांच दिन पूर्व गांव में व्यापक स्तर पर सूचना दी जानी चाहिए थी तथा प्रत्येक घर अथवा कम से कम पर्याप्त संख्या में ग्रामीणों को ई.आई.ए. रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध करवाई जानी चाहिए थीं, जिससे वे उसका अध्ययन कर अपनी राय बना सकते।

इस पर **क्षेत्रीय अधिकारी** ने कहा कि जनसुनवाई के संबंध में लगभग तीन दिन पूर्व ग्राम में विधिवत मुनादी करवाई गई थी।

इस पर **श्री रामपाल** ने कहा कि उन्होंने पूर्व दिवस ग्राम विकास अधिकारी (VDO) से भी इस संबंध में जानकारी प्राप्त करनी चाही थी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि उन्हें परियोजना से संबंधित कोई प्रति प्राप्त नहीं हुई है। इस पर श्री रामपाल ने कहा कि यदि ग्राम विकास अधिकारी के पास भी प्रति उपलब्ध नहीं थी, तो ग्राम पंचायत को प्रति उपलब्ध करवाए जाने के संबंध में की जा रही बात पर प्रश्न उठता है।

इस पर **श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित किया कि इस संबंध में उपलब्ध प्राप्ति रसीद (Receipt) प्रस्तुत की जाए।

तत्पश्चात् **श्री अण्दाराम** ने कहा कि वर्तमान जनसुनवाई को निरस्त कर भविष्य में किसी अन्य तिथि पर पुनः आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि परियोजना प्रस्तावक व्यवस्थित ढंग से प्रक्रिया का पालन करे तो ग्रामीण विकास के विरोधी नहीं हैं, किन्तु वर्तमान परिस्थितियों में जनसुनवाई की प्रक्रिया उचित नहीं प्रतीत होती।

इसके उपरान्त **श्री रामपाल** ने कहा कि वे समस्त ग्रामीणों की ओर से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियां देश की प्रगति से जुड़ा विषय हैं तथा उन्हें खनन गतिविधियों से मूलतः आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग केवल यह है कि समस्त कार्य नियमानुसार किए जाएं तथा यदि कोई नियम जनहित के प्रतिकूल प्रतीत होता है तो उसे बदलने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इस पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। जनसुनवाई की प्रक्रिया के प्रारम्भिक चरण में ही आवश्यक सूचनाओं का समुचित प्रसार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि एक ओर विभाग द्वारा यह कहा जा रहा है कि दस्तावेज ग्राम पंचायत को उपलब्ध करवा दिए गए थे, जबकि दूसरी ओर ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जानकारी उपलब्ध न होने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कारण वे वर्तमान प्रक्रिया का पूर्ण रूप से विरोध करते हैं। यदि ग्रामीणों को परियोजना से संबंधित दस्तावेज एवं सूचनाएं पूर्व में उपलब्ध नहीं करवाई गईं, तो वे जनसुनवाई में सार्थक सुझाव अथवा आपत्तियां कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कम से कम चार–पांच दिन पूर्व अथवा उससे भी पहले परियोजना संबंधी दस्तावेज लिखित रूप में उपलब्ध करवाए जाने चाहिए थे, ताकि ग्रामीण उनका अध्ययन कर सकें तथा अपने सलाहकारों से चर्चा कर सकें। उन्होंने कहा कि बिना



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराए जनसुनवाई आयोजित करना उचित नहीं है। ग्रामवासियों की सामूहिक मांग है कि उन्हें कम से कम 10 दिन का समय दिया जाए, ताकि वे परियोजना संबंधी दस्तावेजों का अध्ययन कर सकें, अपने अधिवक्ताओं एवं अन्य सलाहकारों से चर्चा कर सकें तथा आपस में बैठक कर अपनी राय बना सकें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य न तो खनन कार्य रोकना है और न ही पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया को रोकना है, बल्कि वे चाहते हैं कि प्रक्रिया नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो।

इसके उपरान्त श्री रामपाल ने उपस्थित ग्रामीणों से पूछा कि क्या जनसुनवाई को पुनः आयोजित किए जाने हेतु 10 दिन का समय पर्याप्त होगा। इस पर कुछ ग्रामीणों द्वारा एक माह का समय दिए जाने की मांग की गई। इस पर श्री रामपाल ने कहा कि ग्रामीणों एवं सरपंच की ओर से एक माह का समय दिए जाने की मांग की जा रही है, ताकि परियोजना से संबंधित दस्तावेजों का समुचित अध्ययन किया जा सके। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि ई.आई.ए. रिपोर्ट की प्रतियां प्रत्येक घर तक उपलब्ध करवाई जाएं।

इस पर **श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने कहा कि श्री रामपाल, श्री अण्दाराम तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा व्यक्त की गई सभी आपत्तियां, सुझाव एवं मांगें शब्दशः अभिलेखित की जा रही हैं तथा उन्हें सक्षम स्तर पर अवगत कराया जाएगा।

इस पर **श्री अण्दाराम** ने कहा कि उनके अनुसार इस विषय से संबंधित उच्च न्यायालय के आदेश विद्यमान हैं तथा यदि प्रभावित व्यक्तियों को समुचित सूचना नहीं दी जाती है अथवा उन्हें प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, तो वे न्यायालय का पुनः दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि वे आज की कार्यवाही का संपूर्ण विवरण प्राप्त करना चाहते हैं तथा वर्तमान पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विगत लगभग एक वर्ष से संबंधित गतिविधियां ग्रामीणों की इच्छा के अनुरूप नहीं चल रही हैं तथा उन्होंने इस संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

**तत्पश्चात् श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने क्षेत्रीय अधिकारी से पूछा कि यदि कोई व्यक्ति आज की जनसुनवाई की कार्यवाही प्राप्त करना चाहे तो उसके लिए क्या प्रक्रिया होगी।

इस पर **क्षेत्रीय अधिकारी** ने बताया कि जनसुनवाई की कार्यवाही, वीडियो रिकॉर्डिंग, छायाचित्र एवं कार्यवाही विवरण तैयार किए जाने के उपरान्त इच्छुक व्यक्ति सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI) के माध्यम से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय से प्राप्त कर सकता है तथा उपलब्ध अभिलेख नियमानुसार उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**तत्पश्चात् श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने कहा कि श्री अण्दाराम एवं श्री रामपाल द्वारा अपनी बात रखी जा चुकी है तथा यदि कोई अन्य प्रभावित किसान अथवा ग्रामीण अपनी बात रखना चाहता हो तो वह अपने सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है।

**श्री रामचंद्र जाजड़ा**, निवासी–ग्राम जोरावरपुरा ने कहा कि इस विषय में उनकी वही आपत्ति एवं भावना है जो पूर्व में श्री अण्दाराम द्वारा व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि वे इस कंपनी से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर हैं तथा



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

खेती–बाड़ी से ही उनका जीवन–यापन होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के पास आजीविका के अन्य साधन सीमित हैं तथा वे अपनी भूमि एवं प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। इस कारण वे प्रस्तावित परियोजना के प्रति अपनी असहमति व्यक्त करते हैं।

**श्री नरसिंह राम, पूर्व सरपंच निवासी ग्राम डेहरू** ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र में कुछ भूमि सरकारी है तथा कुछ भूमि किसानों की है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं है, किन्तु परियोजना के संभावित प्रभावों पर विचार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों द्वारा अपनी भूमि नहीं भी दी जाती है तथा केवल आसपास की सरकारी भूमि पर खनन गतिविधियां संचालित होती हैं, तब भी खनन एवं ब्लास्टिंग गतिविधियों का प्रभाव आसपास के किसानों एवं उनके पशुओं पर पड़ेगा। उन्होंने प्रश्न उठाया कि ऐसी स्थिति में पशु चराई के लिए कहां जाएंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी किसान के पास 10 बीघा कृषि भूमि है तथा उसने अपने खेत में वर्षाजल संग्रहण हेतु एक डिग्गी का निर्माण कर रखा है, जबकि उसके पास में स्थित लगभग 15–20 बीघा सरकारी भूमि का वर्षाजल उस डिग्गी में पहुंचकर उसे भरता है, तो वह सरकारी भूमि वस्तुतः उस डिग्गी का कैचमेंट क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी सरकारी भूमि पर खनन गतिविधियां प्रारम्भ हो जाती हैं, तो वर्षाजल के प्राकृतिक बहाव में परिवर्तन आ सकता है तथा किसान की डिग्गी भरना प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में किसान की कृषि, आजीविका एवं परिवार के पालन–पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**श्री नरसिंह राम** ने आगे कहा कि अनेक किसान आसपास की सरकारी भूमि की देखरेख करते हैं, वहां वृक्षारोपण करते हैं तथा उनके पशु भी उसी भूमि पर चरते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उक्त भूमि पर खनन गतिविधियां संचालित की जाती हैं, तो किसानों एवं पशुपालकों के समक्ष आजीविका संबंधी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इस प्रकार की परिस्थितियों को लेकर चिंतित हैं तथा इस कारण वे प्रस्तावित परियोजना का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की राय एवं चिंताओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

**श्री अण्दाराम** ने कहा कि जिस प्रकार भैरावास एवं ताडावास क्षेत्र में सरकारी भूमि स्थित है, उसी प्रकार उनके क्षेत्र में भी सरकारी भूमि है। उन्होंने कहा कि उक्त सरकारी भूमि उनके खेतों के लिए कैचमेंट क्षेत्र के रूप में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकारी भूमि में भी लाइमस्टोन उपलब्ध है तथा वे स्वयं भी उसका खनन कर सकते थे, किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि वर्षा का पानी उसी सरकारी भूमि से होकर खेतों तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि उसी पानी के आधार पर उनके क्षेत्र में जीरा, इसबगोल, सरसों, कपास तथा अन्य फसलें उत्पादित होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेजड़ी के वृक्षों से प्राप्त कैर एवं सांगरी से क्षेत्र का प्रत्येक किसान प्रतिवर्ष लगभग ₹50,000 से ₹1,00,000 तक की आय अर्जित करता है। उन्होंने कहा कि ई.आई.ए. रिपोर्ट में न तो क्षेत्र में उपलब्ध वृक्षों, कैर, सांगरी एवं खेजड़ी का समुचित उल्लेख किया गया है और न ही यह बताया गया है कि क्षेत्र में कितनी वनस्पति विद्यमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपोर्ट में क्षेत्र को अनुपजाऊ अथवा सीमित उपयोगिता वाला दर्शाया गया है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे भिन्न है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण न तो बंजर भूमि पर निर्भर हैं और न ही किसी से मांगकर जीवनयापन करते हैं, बल्कि अपनी कृषि



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

एवं प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर जीवनयापन करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को ग्रामीणों के अधिकारों एवं आजीविका के विषय में भी विचार करना चाहिए।

तत्पश्चात् **श्री रामपाल** ने कहा कि उनकी संस्था "मरुभूमि उत्थान संस्था" विगत लगभग चार–पांच वर्षों से क्षेत्र में कार्य कर रही है तथा किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर कैर एवं सांगरी तथा खेजड़ी के पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रजातियों के कैर एवं खेजड़ी के पौधे लगाए गए हैं, जिनमें से अनेक सफल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ खेजड़ी वृक्षों पर लगभग 60–60 किलोग्राम तक उच्च गुणवत्ता की सांगरी का उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि यद्यपि इसके लिए अभी व्यापक बाजार विकसित नहीं हो पाया है, फिर भी स्थानीय स्तर पर इसका विक्रय किया जा रहा है तथा इससे अच्छा उत्पादन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि ई.आई.ए. रिपोर्ट में कैर–सांगरी आधारित आजीविका एवं उत्पादन का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि यह विषय विचारणीय है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनके पास साक्ष्य एवं अभिलेख उपलब्ध हैं तथा वे उन्हें प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं।

इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने कहा कि यदि उनके पास कोई साक्ष्य अथवा दस्तावेज हैं तो वे उन्हें प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पर श्री रामपाल ने कहा कि उनके पास आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध हैं तथा वे उन्हें प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई की सूचना अंतिम समय में प्राप्त होने के कारण वे सभी साक्ष्य एवं दस्तावेज तैयार नहीं कर पाए हैं। इसी कारण उन्होंने पुनः अनुरोध किया कि उन्हें 10 से 15 दिन का समय प्रदान किया जाए ताकि वे सभी साक्ष्य व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत कर सकें।

**श्री रामपाल** ने आगे कहा कि क्षेत्र में नागौरी नस्ल के बछड़ों एवं कृषि आधारित जल संरक्षण पर भी महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व सरपंच श्री नरसिंह राम द्वारा दिए गए उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों द्वारा डिग्गियों का निर्माण किया गया है तथा जल संरक्षण के अनेक प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ किसान भूजल की गुणवत्ता, विशेषकर कैल्शियम एवं मैग्नीशियम की मात्रा के संबंध में भी अध्ययन कर रहे हैं तथा जल संरक्षण एवं जल गुणवत्ता सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा वर्षाजल संग्रहण हेतु छोटे–छोटे जलाशय बनाए गए हैं और अगले कुछ वर्षों में क्षेत्र का परिदृश्य उल्लेखनीय रूप से बदल सकता है। यदि आगामी दो वर्षों के उपरान्त क्षेत्र का मानचित्र देखा जाए तो स्पष्ट रूप से परिलक्षित होगा कि किसानों द्वारा जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से लगभग 100 छोटे जलाशयों का निर्माण किया गया है, किन्तु ई.आई.ए. रिपोर्ट में इनका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इन्हीं जल संरचनाओं के आधार पर कृषि गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में जल को उपयोगी बनाने एवं उसकी गुणवत्ता सुधारने के लिए स्थानीय स्तर पर तकनीकी प्रयास किए जा रहे हैं, किन्तु इन गतिविधियों का भी रिपोर्ट में उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि गांव में एक बड़ा तालाब स्थित है, जिससे लगभग 10 गांवों के लोग पेयजल प्राप्त करते हैं तथा वे स्वयं भी उसी तालाब का पानी उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना क्षेत्र एवं



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

उक्त तालाब के मध्य दूरी लगभग 400 से 500 मीटर है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि क्षेत्र में प्रचलित पश्चिमी एवं दक्षिणी हवाओं के कारण खनन गतिविधियों से उत्पन्न धूल एवं अन्य प्रभाव तालाब तक पहुंच सकते हैं। क्षेत्र में वर्ष के लगभग 12 महीनों में से 11 महीनों तक हवाएं चलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि यदि तालाब प्रभावित होता है तो क्षेत्र के लोगों के समक्ष पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है, क्योंकि ग्रामीण उस जलाशय पर अत्यधिक निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि ई.आई.ए. रिपोर्ट में इस विषय का समुचित समाधान अथवा विश्लेषण प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के किसानों द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक किसान श्री रेवंत राम द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व चंदन के पौधे लगाए गए थे, जिनमें से लगभग 30–40 पौधे सफलतापूर्वक विकसित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों का भी ई.आई.ए. रिपोर्ट में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

इस पर **श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने कहा कि 26 अप्रैल 2026 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रस्तावित जनसुनवाई एवं उससे प्रभावित होने वाले ग्रामों के संबंध में सूचना प्रकाशित करवाई गई थी।

इस पर **श्री रामपाल** ने कहा कि उन्हें इस बात पर आपत्ति नहीं है कि जनसुनवाई की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी, बल्कि उनकी मुख्य आपत्ति यह है कि परियोजना से संबंधित मार्गदर्शिका, ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जनसुनवाई से पूर्व ग्रामीणों को उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने कहा कि यदि उक्त दस्तावेज पूर्व में उपलब्ध होते तो ग्रामीण जनसुनवाई में अधिक प्रभावी एवं तथ्यात्मक भागीदारी कर सकते थे।

इस पर **श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा यह मांग की गई है कि भविष्य में जनसुनवाई से पूर्व परियोजना संबंधी संक्षिप्त मार्गदर्शिका अथवा आवश्यक जानकारी स्थानीय लोगों तक पहुंचाई जाए तथा उक्त सुझाव को कार्यवाही में अभिलिखित किया जाएगा। इस पर श्री रामपाल ने कहा कि केवल समाचार पत्र में एक छोटे से प्रकाशन को पर्याप्त सूचना नहीं माना जा सकता, क्योंकि समाचार पत्र सभी लोगों तक नहीं पहुंचता।

**श्री मनोहर, ग्राम जोरावरपुरा** ने कहा कि ग्रामवासियों को यह जानकारी ही नहीं है कि प्रस्तावित खनन पट्टे में कौन–कौन से खसरा नंबर सम्मिलित हैं तथा कौन–कौन से खसरा नंबर इसके बाहर हैं।

इस पर **श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने कहा कि इसी उद्देश्य से जनसुनवाई स्थल पर खसरा नंबरों सहित परियोजना का नक्शा प्रदर्शित किया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति यह देख सकता है कि उसका खेत प्रस्तावित खनन ब्लॉक के भीतर है अथवा बाहर।

**श्री मनोहर** ने कहा कि प्रत्येक किसान के लिए केवल नक्शा देखकर यह समझ पाना संभव नहीं है कि उसका खेत किस खसरे में आता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को घर–घर सूचना दी जानी चाहिए थी। उन्होने यह भी कहा कि आज भी अनेक लोगों को यह जानकारी नहीं है कि यहां जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

महोदय ने कहा कि श्री मनोहर द्वारा व्यक्त उक्त सुझाव एवं आपत्ति को जनसुनवाई की कार्यवाही विवरण में अभिलिखित किया जाएगा।

**तत्पश्चात् श्री रामपाल** ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के संबंध में भी उनकी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि लगभग दो वर्ष पूर्व संबंधित क्षेत्र को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने के संबंध में एक प्रकरण प्रस्तुत किया गया था, जिसे सक्षम अधिकारियों के पास भेजा जाना था। उन्होंने कहा कि उस प्रकरण की वर्तमान स्थिति अलग विषय है, किन्तु वह लंबित है। इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने कहा कि उक्त विषय राजस्व विभाग से संबंधित है तथा वर्तमान जनसुनवाई से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है। इस पर श्री रामपाल ने कहा कि ई.आई.ए. रिपोर्ट में इस विषय का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में पटवारी द्वारा यह अभिमत दिया गया है कि संबंधित क्षेत्र में किसी प्रकार का नामांतरण, आवंटन प्रकरण लंबित नहीं है, जबकि उनके अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा राजस्व ग्राम घोषित किए जाने की मांग प्रस्तुत की गई है तथा उसका प्रकरण जिला कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, खींवसर स्तर पर लंबित है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अतिरिक्त दस्तावेज भी मांगे गए हैं और प्रकरण अभी विचाराधीन है। इस पर श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय ने कहा कि वर्तमान में जनगणना की प्रक्रिया चल रही है तथा इस कारण जनगणना से पूर्व सीमाओं से संबंधित विषयों पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा राजस्व ग्राम बनाए जाने के संबंध में जो मांग रखी गई है, उसे भी सक्षम स्तर पर विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

इस दौरान **एक ग्रामीण** द्वारा कहा गया कि प्रस्तावित खनन गतिविधियों से प्रदूषण फैलेगा, क्षेत्र में रहना कठिन हो जाएगा तथा पेयजल की उपलब्धता भी प्रभावित हो सकती है।

**तत्पश्चात् श्री अण्दाराम** ने कहा कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र किसी एक स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न स्थानों पर विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार बड़े क्षेत्र में भूमि खनन गतिविधियों के अंतर्गत आ जाएगी तो ग्रामीणों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की कृषि भूमि प्रभावित होने पर वे गांवों में रहकर किस प्रकार जीवनयापन करेंगे।

**तत्पश्चात् श्रीमान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट महोदय** ने उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया कि उन्हें एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है, जिसमें परियोजना के संबंध में विभिन्न आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने ज्ञापन में उल्लिखित प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में कार्यरत संस्था द्वारा खेजड़ी, कैर, सांगरी आदि के पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागौरी नस्ल के बैलों के सुधार तथा जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संस्था द्वारा जल संग्रहण, वृक्षारोपण तथा उन्नत तकनीकों के माध्यम से क्षेत्र के विकास हेतु कार्य किया जा रहा है तथा यह मांग की गई है कि प्रस्तावित खनन गतिविधियों से इन प्रयासों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों के नामों का भी उल्लेख किया, जिनमें श्री अण्दाराम, श्री जयपाल डूकिया, श्री दिनेश, श्री संपतराज, श्री जगदीश, श्री महेन्द्र रलिया, श्री भानुप्रकाश, श्री सुशील, श्री सरवन, श्री सुभाष,



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
नागौर (राजस्थान)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
नागौर (राज.)

श्री राजूराम डूकिया, श्री सुरेन्द्र, श्री प्रहलाद, श्री रामचन्द्र जाजड़ा, श्री नरसिंह राम, श्री भीयाराम सहित अन्य व्यक्तियों के नाम सम्मिलित थे।

**तत्पश्चात् कुछ ग्रामीणों** द्वारा सामूहिक रूप से कहा गया कि उनकी मांग है कि वर्तमान जनसुनवाई की कार्यवाही यहीं समाप्त की जाए तथा भविष्य में नई तिथि निर्धारित कर पुनः जनसुनवाई आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनसुनवाई के लिए उनकी पर्याप्त तैयारी नहीं थी तथा किसी भी सुनवाई में दोनों पक्षों को पर्याप्त सूचना एवं तैयारी का अवसर मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने आगे कहा कि यदि भविष्य में पुनः जनसुनवाई आयोजित की जाए तो पर्याप्त समय पूर्व सूचना प्रदान की जाए, जिससे ग्रामीण परियोजना से संबंधित दस्तावेजों का अध्ययन कर सकें, आपस में चर्चा कर सकें तथा व्यवस्थित रूप से अपने सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकें।

**श्री धर्माराम जाजड़ा, ग्राम जोरावरपुरा** ने कहा कि जनसुनवाई की प्रक्रिया अत्यंत कम समय में आयोजित की गई प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि यदि एक माह पूर्व जनसुनवाई की तिथि निर्धारित कर ग्रामीणों को पर्याप्त समय दिया जाता, तो ग्रामवासी भी पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित होकर अपनी बात विस्तार से रख सकते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रक्रिया में ग्रामीणों तथा परियोजना पक्ष, दोनों को अपनी-अपनी बात रखने का समान अवसर मिलना चाहिए।

**तत्पश्चात् श्री अण्दाराम** ने कहा कि क्षेत्र के अनेक किसानों की भूमि प्रस्तावित खनन ब्लॉक से प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सरकार द्वारा छोटे-छोटे खनन ब्लॉक बनाए गए थे, किन्तु जब उन ब्लॉकों की नीलामी में पर्याप्त रुचि नहीं दिखाई गई तो उन्हें मिलाकर बड़ा खनन ब्लॉक बना दिया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण अनेक किसानों के खसरे विभिन्न खनन ब्लॉकों में विभाजित हो गए हैं। उदाहरण स्वरूप उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान की 15 बीघा भूमि है और उसका खसरा तीन अलग-अलग खनन क्षेत्रों में सम्मिलित हो जाता है, तो उस किसान को एक के स्थान पर तीन अलग-अलग खनन इकाइयों से संबंधित समस्याओं एवं विवादों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था उनके अनुसार अन्यायपूर्ण है तथा इससे किसानों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

